## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट विद्यालय में बाल मेला आज, जनमानस की सहभागिता से निखरेगा बाल उत्सव

**मण्डला।** जनजातीय गौरव दिवस एवं बाल दिवस के अवसर पर शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में बाल मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। आयोजन में कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा विद्यार्थियों की प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। बाल मेला एवं जनजाति फूड फेस्ट 2025 में विद्यार्थियों के द्वारा श्रीअन्न से बने हुए व्यंजन परोसे जाएंगे। साथ ही जनजाति नृत्य, लोक संगीत कला, हस्तशिल्प एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से यह आयोजन सराबोर होगा। प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव ने इस आयोजन में सहभागिता के लिए लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। विविधताओं से भरे इस उत्सव में अन्य विद्यालय के विद्यार्थी भी सहभागी बनने जा रहे हैं। भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व और कृतित्व को इस आयोजन में केंद्रित किया जा रहा है। इस बाल उत्सव में सामूहिक सैला, करमा नृत्य के माध्यम से जनजाति संस्कृति की छटा बिखरेगी। विद्यार्थियों ने कई मनोरंजक खेल भी इस बाल उत्सव में जन सामान्य के लिए उपलब्ध होंगे। बाल उत्सव मेला सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित रहेगा। पुलिस विभाग द्वारा यातायात जागरूकता एवं साइबर क्राइम की भी जानकारी दी जाएगी। यह स्वाद संस्कृति और संकल्प का उत्सव है जिसे उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थी उत्सवपूर्ण वातावरण में मनाने जा रहे हैं।

### आज होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव रंगारग आयोजन, लगभग 300 युवा करेंगे प्रतिभागिता


**मण्डला।** 14 नवम्बर 2025 को प्रातः 10 बजे इण्डोर स्टेडियम में केबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके जी और सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते जी के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय युवा उत्सव का रंगारग आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय युवा उत्सव में निम्नलिखित 07 विधाओं में जिले के युवा अपनी कला का प्रदर्षन करेंगे। भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, विज्ञान मेला प्रदर्षनी और समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य विधाओं में प्रतियोगिता का आयोजन होगा जिसमें जिले के समस्त 09 विकासखड से आये हुए लगभग 300 कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्षन करेंगे।

## ई-अटेंडेंस प्रणाली में लापरवाही पर तीन बीईओ को कारण बताओ नोटिस

# 10 फीसदी भी उपस्थिति दर्ज नहीं

*** ई-अटेंडेंस पर नारायणगंज विकासखण्ड का शर्मनाक प्रदर्शन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



तकनीक के इस जमाने में यदि शिक्षक और शिक्षकों के आका ही जानकारी से पीछे रहे या जानबूझकर पीछे रहने का दिखावा करें तो फिर क्या कहा जाये। शिक्षक तो दूसरों को राह दिखाने का काम करता है यदि वह ही राह न दिखने का बहाना करे तो फिर इसे क्या कहा जाये। हम उस विषय की बात कर रहे हैं जिस पर पिछले काफी समय से न केवल चर्चा होती रही है बल्कि शिक्षकों और शिक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह भी खड़े होते रहे हैं। जिला मुख्यालय क्या ग्रामीण क्षेत्रों की शालाओं में शिक्षक न तो समय पर शाला पहुंचते हैं और न ही समय पर शाला से निकलते हैं बहुत से शिक्षक तो महीने में कुछ दिन ही शाला जाते हैं इन परिस्थितियों के मद्देनजर शासन द्वारा ई-अटेंडेंस एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने की प्रक्रिया प्रारंभ की चूंकि इस प्रक्रिया में चेहरे को भी शामिल होना है लिहाजा हम जब शाला में समय पर उपस्थित होंगे तभी हमारी उपस्थिति दर्ज होगी अन्यथा नहीं और यही कारण है कि जो शिक्षक समय पर शाला नहीं पहुंचते थे उन्होंने इसके विरोध में दुनिया भर के कारण प्रस्तुत किये। बावजूद इसके न्यायालय ने भी इस प्रणाली को उचित बताया और अब प्रशासनिक अधिकारियों ने भी इस पर कड़ाई से काम करना प्रारंभ कर दिया है। कल 13 नवम्बर को जो उपस्थिति दर्ज हुई उसको लेकर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नारायणगंज, मवई एवं मोहगांव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नारायणगंज विकासखण्ड में तो 636 कर्मचारियों में से 59 ने पोर्टल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई इसका प्रतिशत निकाले तो यह 10 फीसदी से भी कम है यहां के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी संभाग स्तर के बड़े नेता हैं और लगातार तकनीक की बात करते रहे हैं उनके विकासखण्ड में इस तरह का प्रदर्शन शर्मनाक है जब शिक्षक समय पर शाला ही नहीं पहुंचता तो फिर हम कैसें देश के भविष्य को आगे बढ़ाने की बात करते हैं।




इसी तरह मोहगांव के बीईओ हैं इनके ऊपर भी अन्य तरह की जिम्मेदारियाँ हैं इनके यहां 518 में से 108 ने अपनी उपस्थिति पोर्टल पर दर्ज कराई और जबकि मवई विकासखण्ड जिसे पिछडा माना जाता है वहां वनस्पत स्थिति इनसे बेहतर है जहां 631 में से 145 ने पोर्टल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यालय सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग मण्डला द्वारा कल दिनांक 13 नवम्बर 2025 को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों-हरि सिंह परते (मवई), धीरेन्द्र कुमार सिगोंर (नारायणगंज) एवं अजीत जैन (मोहगांव)-को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

सहायक आयुक्त द्वारा जारी पत्र के अनुसार, ईएचआरएमएस पोर्टल के ए-अटेंडेंस (Attendance Management System) मॉड्यूल को लाइव कर दिया गया है, जिसके माध्यम से शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति मोबाईल ऐप द्वारा फेस रिकग्निशन के जरिए दर्ज की जानी है। इस संबंध में दिनांक 12 नवम्बर 2025 को कलेक्टर मण्डला द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें सभी प्राचार्यों एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि सभी शिक्षक एवं प्राचार्य अनिवार्य रूप से ई-अटेंडेंस दर्ज करें।

इसके बावजूद, 13 नवम्बर 2025 की स्थिति में विकासखण्डों में कुल कर्मचारियों में से बहुत कम कर्मचारियों द्वारा ही पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज की गई पाई गई। इसे अधिकारियों की कर्तव्यपरायणता में उदासीनता एवं पद दायित्वों के उल्लंघन के रूप में देखा गया है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि उक्त आचरण मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3(1)(i)(ii)(iii) के विपरीत है तथा सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के अंतर्गत दण्डनीय कृत्य माना जाएगा।

सहायक आयुक्त ने तीनों अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 24 घंटे के भीतर अपना प्रतिउत्तर कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

## जहाँ प्रेम है वहीं कृष्ण हैं-पंडित मानवेंद्र शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



ग्राम पंचायत कटरा स्थित सुभद्रा नगर में जारी श्रीमद्भागवत अमृत ज्ञान कथा महोत्सव प्रेम, माधुर्य और भक्ति से परिपूर्ण रहा। स्वर्गीय श्री कन्छेदीलाल पाठक एवं स्वर्गीय श्री कमलेश पाठक की पुण्य स्मृति में चल रही इस नौ दिवसीय कथा में धर्मशास्त्राचार्य पं. मानवेंद्र शास्त्री जी महाराज के ओजस्वी प्रवचनों ने श्रद्धालुओं के हृदयों में भक्ति का आलोक प्रज्वलित कर दिया। शास्त्री जी ने अपने दिव्य वचनों में कहा-"जहाँ प्रेम है, वहीं कृष्ण हैं। कृष्ण की बाल लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन के गूढ़ दर्शन का प्रतीक हैं। वे माखन चुराते हैं तो यह इस बात का संकेत है कि वे अपने भक्तों के निष्कपट प्रेमरूपी माखन को स्वीकार करते हैं।"

पं. शास्त्री जी ने आगे कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन करुणा, प्रेम और धर्म का साकार रूप है। रासलीला केवल नृत्य नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है, जहाँ हर गोपी उस भक्त के रूप में है जो ईश्वर से एकाकार होने की कामना रखता है। कथा स्थल पर जब बाल भक्तों द्वारा श्रीकृष्ण बाल लीला, कालिया नाग मर्दन और गोवर्धन पूजन के प्रसंगों का शास्त्री जी के द्वारा वर्णन किया गया तो सुभद्रा नगर का वातावरण वृंदावन धाम में परिवर्तित हो गया। दीपमालाओं की झिलमिल रोशनी, पुष्पवृष्टि और भक्ति संगीत की मधुर ध्वनियों ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।

माखन चोरी और रासलीला के भावपूर्ण वर्णन ने श्रद्धालुओं के मन को मंत्रमुग्ध कर दिया। जब श्रीकृष्ण की बांसुरी की तान गूंजी, तो भक्तजन "जय कन्हैया लाल की", "राधे-श्याम" और "गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो" के जयघोषों से झूम उठे। रात्रि में संपन्न गोवर्धन पूजन उत्सव में श्रद्धालुओं ने अन्नकूट प्रसंग का स्मरण करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के संदेश-"प्रकृति और जीवों की सेवा ही सच्ची पूजा है"-को आत्मसात किया।

पं. मानवेंद्र शास्त्री जी ने अपने प्रवचन में कहा कि सच्चा धर्म केवल कर्मकांडों में नहीं, बल्कि करुणा, सेवा और न्याय में निहित है। जैसे भगवान ने गोवर्धन पर्वत उठाकर अपनी प्रजा की रक्षा की, वैसे ही हर व्यक्ति को समाज, गौमाता और प्रकृति की रक्षा के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो गोमाता, वृक्ष और जल का सम्मान करता है, वही सच्चा कृष्णभक्त है, क्योंकि प्रेम और सेवा ही भक्ति का सार है।

कथा के समापन पर आरती और भजन संध्या के साथ वातावरण पूरी तरह कृष्णमय हो उठा। नगर और आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर आत्मिक शांति और भक्ति रस का अद्भुत अनुभव किया। सुभद्रा नगर में यह दिवस कृष्ण प्रेम, भक्ति और आनंद का उत्सव बन गया-जहाँ हर हृदय पुकार उठा, "जहाँ प्रेम है, वहीं कृष्ण हैं।"

## 15 नवंबर को धूमधाम से मनाया जायेगा मंडला गौरव दिवस

*** जिले के ऐतिहासिक महत्व एवं गौरवशाली संस्कृति का उत्सव।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

15 नवंबर को मंडला गौरव दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं। विदित है कि भगवान बिरसा मुण्डा की 150वी जयंती भी राज्य सरकार पूरे प्रदेश में मना रही है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में 15 नवंबर को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन दिनभर किया जायेगा। कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान करने और सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता की अपील की गई है। विस्तृत जानकारी अनुसार मंडला गौरव मण्डपम के मुख्य आकर्षण खाना खजाना, तीरंदाजी प्रदर्शन, मेजिक शो, फन गेम्स, आर्केस्ट्रा एवं नाट्य मंचन होंगे।




15 नवंबर को प्रातः 11 बजे आंगन तिराहा मंडला में भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दोपहर 12 बजे जिला अस्पताल मंडला में रक्तदान शिविर सह स्वास्थ्य जाँच शिविर एवं कंबल बैंक 2.0 का शुभारंभ किया जायेगा। दोपहर 1 बजे मंडला गौरव दिवस का शुभारंभ, दोपहर 1:30 बजे जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन रानी दुर्गावती कॉलेज खैरी मंडला में किया जायेगा। दोपहर 3 बजे गौरव वाहन रैली का आयोजन महात्मा गांधी स्टेडियम मंडला में की जायेगी। शाम 4:30 बजे मंडला गौरव मण्डपम का शुभारंभ महात्मा गांधी स्टेडियम में होगा। शाम 6:15 बजे रेवा पथ 2.0 का शुभारंभ एवं शाम 6:30 बजे माँ नर्मदा महाआरती का आयोजन माहिष्मती घाट में होगा। सायं 7:30 बजे जननायक गौंड सभ्यता के महानायकों पर आधारित प्रस्तुतियाँ निषादराज भवन में किया जायेगा।

## शिक्षा व्यवस्था की हकीकत बयां करती तस्वीर



**मण्डला।** जिले के कलेक्टर जिस भी विकासखण्ड का दौरा करते हैं विद्यालयों में निरीक्षण करने अवश्य जाते हैं यह स्वागत योग्य है। लेकिन यदि औचक निरीक्षण हो तो शायद विद्यालयों की वास्तविक स्थिति ज्यादा स्पष्ट होगी। कल बिछिया जनपद की प्राथमिक शाला खुदराही का पीआरओ रिलीज के माध्यम से यदि माना जाये तो यह औचक निरीक्षण था लेकिन चित्र में स्पष्ट नजर आ रहा है कि जिस तरह कक्षा में मेटिन बिछी हुई है वह कल ही लाकर बिछाई गई होगी यानि कि विद्यालय प्रबंधन को यह ज्ञात था कि कलेक्टर मण्डला उनके विद्यालय आने वाले हैं लिहाजा बाकी सभी व्यवस्थायें भी चुस्त-दुरूस्त रही होंगी। कक्षा में मेटिन तो किसी तरह बिछा दिया गया लेकिन बगल की दीवार अपनी दुर्दशा स्वयं बता रही है यदि यह मेटिन शाला में रोजाना बिछाई जाती है तो फिर शिक्षा विभाग के अधिकारी क्या बतायेंगे कि ऐसी कितनी शालायें हैं जहां पर इस तरह की सुविधा हमेंशा छात्रों को प्राप्त होती है। छात्राओं के बीच जो बूट पहनी एक महिला अधिकारी खड़ी हैं इनके संस्कार को भी लेकर व्यापक चर्चा हो रही है। क्योंकि कलेक्टर मण्डला ने यहां पर कहा कि विद्यालय में सिर्फ ज्ञान ही नहीं संस्कार भी दिये जाते हैं।

## युवा सम्मेलन

### युवा शक्ति के दम पर होगा आत्मनिर्भर भारत का सपना होगा साकार-अभिलाष पांडे।

# भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत युवा सम्मेलन

*** भाजपा जिला कार्यालय में हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में ''आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान" के अंतर्गत युवा सम्मेलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके एवं उत्तर मध्य विधानसभा जबलपुर के विधायक डॉ. अभिलाष पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंच में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ के द्वारा मुख्य अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया।

इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि "आज का युवा ही आने वाले भारत का भविष्य है। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प तभी पूर्ण होगा जब हर युवा अपने साथ दूसरों को भी आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करेगा। सरकार की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, यही भारतीय जनता पार्टी की पहचान है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश का जो सपना देखा गया है, उसे साकार करने का दायित्व आज के युवा वर्ग पर है। मंडला के युवा तरुणाई इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए संकल्पित है। जिले में जो विकास की गंगा बह रही है, वह भाजपा सरकार की नीतियों और जनसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है।"

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि "भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता आत्मनिर्भर बनने के साथ दूसरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी समर्पित है। युवा ही आत्मनिर्भर भारत की सच्ची पहचान हैं।"

## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न समारोह का आयोजन




*** शासकीय स्नातक महाविद्यालय बिछिया के विद्यार्थियों ने धूमधाम से निकाली यात्रा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिले कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। देशभक्ति, एकता और भारत की जीवंत जनजातीय विरासत की स्थायी भावना को प्रदर्शित करने के लिए शासकीय स्नातक महाविद्यालय बिछिया के विद्यार्थियों ने गुरुवार को धूमधाम से यात्रा निकाली। इस यात्रा का स्वागत विधायक श्री नारायण सिंह पट्टा और कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने जनपद शिक्षा केन्द्र बिछिया में किया। इस दौरान विद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने वीरांगना रानी दुर्गावती और भगवान बिरसा मुंडा, टंट्या भील और कई जननायकों के जयकारे लगाए। यह यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई निकाली गई।

विदित है कि यह आयोजन अपनी जड़ों से जुड़ने, अपनी संस्कृति का उत्सव मनाने और अपने पूर्वजों की विरासत को गर्व के साथ आगे बढ़ाने का है। इस यात्रा का उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारत के इतिहास में जनजातीय नायकों के योगदान के बारे में जागरूकता फैलाना और उनकी अदम्य भावना व विरासत का सम्मान करना है। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रजनी मरावी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, एसडीएम श्रीमती सोनाली देव और अन्य संबंधित अधिकारी, विद्यालयीन स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### युवक से मारपीट

सांईखेड़ा। बीते हुये दिवस ग्राम उड़नी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि नगर के मंदिर के पास गांव के कन्हैया ठाकुर का साला मामा ठाकुर प्रार्थी के पिता कुलम सिंह को गाली दे रहे थें। जब प्रार्थी ने पहुंचकर बोला की मेरे पिता को गाली क्यों दे रहे हो इसी बात को लेकर आरोपी द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई।

### पुत्र ने पिता के साथ की गई मारपीट

गाडरवारा। बीते हुये दिवस ग्राम हीरामपुर निवासी एक पिता ने अपने पुत्र के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर पर था उसी समय प्रार्थी का पुत्र अनिल कौरव शराब पीकर आया तो पिता द्वारा उसे शराब पीने की बात को लेकर कुछ बोले जाने की बात को लेकर शराब के नशे धुत पुत्र द्वारा अपने पिता को गंदी गंदी गालिया देते हुये जमीन पर पटकते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।



किसी खेल में खिलाड़ी द्वारा खेल भावना से किये गये प्रदर्शन ही सर्वेश्रेष्ठ जीत का हिस्सा होता है- उदय प्रताप सिंह

# रंगारंग आयोजन के बीच शुरू हुआ पांच दिवसीय 69 वीं राष्ट्रीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर के लिये बडे ही गौरव की बात है कि लगातार दूसरे वर्ष जिस तरह राष्ट्रीय स्तर के खेल का आयोजन होने के चलते जहां एक ओर नगर सहित क्षेत्र के लोगों में उत्साह देखने मिल रहा है। वही दूसरी ओर बीते हुये गुरूवार को लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 19 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग का पांच दिवसीय 69 वीं राष्ट्रीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर रंगारंग कार्यक्रमों के बीच शुरू हुआ। इस आयोजन में अन्य अतिथियों के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष राम स्नेह पाठक, पूर्व राज्य सभा सांसद कैलाश सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के आलवा तेंदूखेड़ा पूर्व विधायक भैयाराम पटैल, श्रीमति साधना स्थापक, नरेश पाठक सहित अन्य लोग मौजूद थें। 17 नवंबर तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के सभी मान्यता प्राप्त 33 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 759 खिलाड़ी एवं 165 ऑफीशियल्स शामिल हुये है। आयोजन का उद्घाटन समारोह का विधिवत अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती का पूजन के साथ किया गया। वही आयोजन में शामिल होने के लिये आई हुई टीमों द्वारा मार्च फास्ट करते हुये अतिथियों को सम्मान दिया गया। वही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह नें कहा कि हमारे देश के विभिन्न राज्यों से टीमे यहाँ प्रतियोगिता मे सहभागिता कर रही है जो कि प्रसन्नता की बात है। विविधता मे एकता का साक्षात उदाहरण आज हमारे गाडरवारा शहर मे देखने मिल रहा हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी खेल में हारजीत होना तो आम बात रहती है। क्योंकि जब दो टीमें आमने सामने खेलती है तो एक की हार होना स्वाभाविक है। मगर खेल के दौरान खिलाड़ी द्वारा जिस तरह खेल भावना के तहत प्रदर्शन किया गया है वह जीत के महत्व का बदल देता है। सही खेल खिलाड़ी की भावना व प्रदर्शन पर ही आधारित रहता है। यदि खिलाडी यदि अपनी क्षमताओं का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करे तो जीत मिलती हैं। हमारे क्षेत्र में खेलों का निर्धारण है लोग सिर्फ चंद खेलों को जानते है। मगर इस तरह आयोजित होने वाली खेल निश्चित तौर से हमारे क्षेत्र के लोगों को अन्य प्रकार के खेलों के प्रति जागरूकता लाने में अहिम होने से नही चूक पायेगे। हमारे नगर में जिस तरह देश के कौन कौन से खेलने के लिये जो बच्चें आये हुये है। वही हमारे मेहमान है और मेहमानों के स्वागत में किसी प्रकार की कमी न रह पाये। यह हम सबका दायित्व है। क्योंकि जब यह खिलाड़ी अपने प्रांत लौटकर जावेगे तो हमारे शहर का नाम सदा ही इन्हे याद करने के लिये मजबूर होना चाहिये। इनके खेल देखने के साथ व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी हम सबकी बनती है। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राज्यसभा के पूर्व सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति की झलक इस आयोजन मे देखने को मिल रही हैं। क्योंकि हम सभी का उद्देश्य है कि गाडरवारा का नाम पूरे देश मे ऊँचा हो और उदय प्रताप के प्रयासों से लगातार होते चला जा रहा है। उन्होंने कहा कि गाडरवारा मप्र की विशिष्ट नगरी हैं। आचार्य रजनीश का कर्मभूमि रहा है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के माध्यम से खेलो को बढावा मिला हैं जो कि शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से हमें बेहतर मैच देखने मिलेंगे। पिछले वर्ष राष्ट्रीय कबड्डी के आयोजन के बाद इस वर्ष राष्ट्रीय व्हालीबॉल का आयोजन मंत्री सिंह के प्रयासो से संभव हुआ हैं। हमे भरोसा है कि आने वाले वर्ष में जहां हमें कोई नया खेल देखने मिलेगा और इस खेल मैदान की सूरत भी बदली हुई नजर आने से नही चूकेगी। इसी प्रकार से भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक नें कहा कि इस प्रतियोगिता का आयोजन हमारे जिले मे होना गौरव का विषय है। हमारे देश के प्रधान मंत्री खेलो इण्डिया कार्यक्रम के जरिये खिलाडियों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया जा रहा हैं। कार्यक्रम मे कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि खेलो से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता हैं। यहाँ राष्ट्रीय स्तर के खिलाडियों के खेल को देखकर हमारे यहाँ के बच्चे भी सीखेंगे। इस दौरान शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदुरख्या नें आयोजन से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम मे छात्रा सौम्या तोमर नें सभी खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेल का प्रदर्शन करने की शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि मंत्री सिंह नें प्रतियोगिता शुभारंभ की घोषणा करते हुये ध्वजा रोहण किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति काकोड़िया, नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा, पुलिस अधीक्षक डॉ ऋषिकेश मीणा, अभिलाष मिश्रा, वीरेंद्र फौजदार, पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया, जिला पंचायत सदस्य डा योगेश कौरव, धनंजय पटैल, पूर्व नपा अध्यक्ष नवनीत चाचा, राजेंद्र साहू मिनेन्द्र डागा, राजेश जैन, घनश्याम राजपूत, ठा राजीव सिंह, डॉ हरगोविंद पटेल, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन, भाजपा पिछडा वर्ग जिला अध्यक्ष राव संदीप सिंह, चंद्रकांत शर्मा, शैलेन्द्र जैन, नंदकिशोर ठाकुर, शुभम राजपूत,अशोक भार्गव के अलावा लोक शिक्षण संचनालय से उप संचालक आलोक खरे, संयुक्त संचालक जबलपुर संभाग अरुण इंगले, एसडीएम कलावती ब्यारे, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, डीपीसी मनीष चौकसे, सहायक संचालक सीमा डोंगरे, नीलम मरावी, बीआरसी डी के पटेल, संदीप स्थापक सहित गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकारों के आलवा आमजन मौजूद थें।





# सालीचौका में पुलिस की गस्त व्यवस्था की सच्चाई फिर चर्चाओं में, अज्ञात चोरों ने ज्वेलर्स दुकान के ताले काटकर पार किये जेवर






**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** किसी भी शहर हो या फिर नगर में जब प्रमुख माने जाने वाले स्थानों पर आरोपी घटना को अंजाम देने में सफल हो जाते है तो निश्चित तौर से पुलिस की गस्त व्यवस्था पर सबाल खड़े होने के साथ साथ ऐसा प्रतीत होने लगता है कि मानों आरोपी पुलिस को खुली चुनौती देने में पीछे नही है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई सालीचौका नगर के हृदय स्थल माने जाने वाले गुड़ बाजार स्थित एक ज्वेलर्स दुकान में जिस तरह बीते हुये रात अज्ञात चोरों द्वारा ताले काटते हुये चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस घटना के चलते जहां सालीचौका में दहशत का महौल देखने मिल रहा है तो दूसरी ओर पुलिस की गस्त व्यवस्था पर सबाल खड़े होने से नही चूक पा रहे है। बताया जाता है कि यह सालीचौका का वह स्थल है जहां पर मुख्य होने के कारण पुलिस चौकी से चंद कदम दूर होने के साथ मुख्य केन्द्र माना जाता है। इस स्थान पर जिस तरह चोरों ने एक दुकान के ताले कटर के माध्यम से काटते हुये चोरी की घटना को अंजाम देते हुये जेबर सहित नगदी पार करने में सफल होना निश्चित तौर पुलिस की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। बताया जाता है कि नगर के अखिलेश सोनी रोज की तरह बीते हुये बुधवार की रात अपनी सालीचौका गुड़ बाजार स्थित राधा रानी ज्वेलर्स दुकान को बंद करके गये हुये थें। मगर जब सुबह आकर देखा तो जहां शटर के ताले कटे हुये पड़े हुये थें। वही दूसरी ओर दुकान के अंदर का समान बिखरा पड़ा हुआ था। वही दुकान के शोकेश के अंदर रखे हुये जेबर व नगदी गायब था। इस तरह अज्ञात चोरों द्वारा दुकान के ताले काटते हुये हजारों के जेबर सहित नगदी कार करते हुये भागने में सफल हो गये है। वही जब दुकान के संचालक द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जहां घटना स्थल का निरीक्षण करते हुये अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच शुरू कर दी गई है। वही नगर में लगे हुये गुप्त केमरों की जांच करते हुये चोरों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। मगर अभी तक किसी तरह से कोई जानकारी लगाने में सफलता नही मिली है। इस तरह नगर के बीचों बीच घटित हुई घटना ने जहां सनसनी का महौल निर्मित करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है।

## पानी टंकी क्षेत्र में कुत्तों के अंतक से राहगीर हो रहे परेशान, किसी दिन बड़ी घटना का कारण साबित होने की आशंका से नहीं किया जा सकता इंकार

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इन दिनों देखा जा रहा है कि शहर में अधिकतर आवारा कुत्तें खुजली बीमारी की चपेट में जान पड़ रहे है। इससे गली चौराहों से आने जाने वाले लोगों की परेशानियां बढ़ रही है। वही दूसरी ओर इन बीमार कुत्तों से अन्य कुत्तें तो चपेट में आ ही रहे है बल्कि इंसानों में भी यह बीमारी फैलने की आशंका बनते हुये दिखाई दे रही है? यूं फैलती है बीमारी-आवार कुत्तों को अमूमन खुजली की बीमारी फंगस, फफूंद तथा पैरासाइट की वजह से होती है। पालतू कुत्तों की समय समय पर सफाई होने से इनमें बीमारी कम पाई जाती है। लेकिन आवारा कुत्तों में सफाई के अभाव में बीमारी ज्यादा होती है जो बातावरण में फैलाता प्रदूषण भी मुख्य कारण है, प्रदूषित पानी पीने या प्रदूषित धूल कण में लेटने से भी खुजली की बीमारी की समस्या पैदा हो रही है। इंसानों को भी खतरा-पशु चिकित्साकों के अनुसार खुजली से पीड़ित कुत्तें बीमारी से परेशान होकर इधर उधर तेजी से घूमतें है, जिससे पास से निकलने वाले लोगों को भी इनके कीटाणु फैलतें है। बच्चों को अधिक सावधानी रखनी चाहिए। क्योंकि बच्चों में नासमझी की वजह से बच्चों के इनके सम्पर्क में आने या छू लेने से उन्हे भी बीमारी लगने की संभावना रहती है। वही दूसरी ओर बीते हुये कुछ महिनों से देखा जा रहा है शाम होते ही नगर की पानी टंकी क्षेत्र में जिस प्रकार से कुत्तो का आतंक इस तरह होता है कि दो पहिया वाहन चालकों के पीछे दौड़ने से नही चूकते है। इस तरह जब कोई बाइक चालक अपनी गति से जा रहा होता है और यहां पर घुमने वाले आवारा कुत्तों का झुंड अचानक भौगते हुये बाहक के पीछे हमला करने की मुद्रा में छौड़ता है तो मोटर साईकिल चालक अपना नियंत्रण खोने से नही चूकता है।

# मानव जीवन बड़ी मुश्किलों से मिलता है, यदि इस जीवन में भगवान का नाम नहीं लिया तो नैया पार लगना मुश्किल - बिपिन बिहारी

**कथा वाचक मंहत श्री108 विपन बिहारी महाराज का अंदाज मनमोहक**



**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** समीपस्थ ग्राम बसुरिया बेलेखेड़ी में चल रही पंचकुण्डीय रूद्र महायज्ञ व रूद्री निर्माण शिव महापुराण में जहां प्रतिदिन भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखने मिल रही है। वही दूसरी ओर इस आयोजन में पधारे हुये देशी भाषा के माध्यम से लोगों को आस्था के प्रति जागरूक करने वाले ज्ञान की गंगा से परिपूर्ण बुंदेलखंडी प्रवर्चनों के लिये अपनी अलग पहचान बनाने वाले कथा वाचक मंहत श्री108 विपन बिहारी महाराज जिस तरह से मनमोहक अंदाज में भगवान शिवजी की कथा का वर्णन सुनाया जा रहा है उसके चलते भक्त मग्न मुग्ध होने से नही चूक रहे है। इस प्रकार से आयोजन के पंचम दिवस उन्होंने कथा सुनाते हुये कहा कि यह मानव जीवन बड़े ही मुश्किल से मिलता है यदि इस जीवन में भगवान का नाम लेने से चूक गये तो फिर जा नैया को पार लगाने वाला कोई नही है। जितना अधिक से अधिक हो सके तो इस मानव जीवन में भगवान का नाम ले लेना। लोग सोचते है कि अब जिन्दगी तो बहुत बड़ी है भक्ति बाद में कर लेगे। इस जीवन का कोई भरोसा नही है। क्योंकि इस तरह के कर्म हो रहे है किसी को कोई पता नही रहता है कि बोदा पर बैठकर लिबआ कब आ जावे। इस दौरान उन्होने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं राम पर सब काम सारे काम छोड़ दो पहले अपने हिस्से का भजन कर डालो। व्यक्ति अपनी जिन्दगी में सिर्फ धन कमाने में लगा रहता है। जबकि यह सभी जानते है कि उनके द्वारा एकत्र की गई संपत्ति कभी साथ नही जाती है। साथ जाता है तो उनके द्वारा किये गये अच्छे कर्म व भगवान की आराधना से ही मानव जीवन की नैया पार लग पाती है। इस दौरान उन्होंने भगवान शिवजी को जल चढ़ाने की विधि से अवगत कराया गया। इस दौरान उन्होने शिवजी के पुराण की कथा सुनाते हुये सभी का मन मोह लिया।

# शिक्षा मंत्री की मौजूदगी में आयोजित हुआ आदि शंकराचार्य गुरूकुलम भवन के निर्माण का भूमि पूजन





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** गुरुवार को समीपी ग्राम पतलोन के पास आदि शंकराचार्य गुरूकुलम के नवीन भवन निर्माण का भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के स्कूल शिक्षा तथा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह की मौजूदगी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे सर्वप्रथम अतिथियों की उपस्थिति मे वैदिक मंत्रोच्चार से भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर पूज्य गुरूदेव पंडित सोमेश परसाई ने कहा कि विद्यार्थियों मे सुसंस्कार एवं सनातन संस्कृति की शिक्षा देने मे गुरुकुलम विद्यालय अहम कढ़ी साबित होगा। नगर के लिये एक बड़ी सौगात है। इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास मे इस विद्यालय के निर्माण से सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि शिक्षा ऐसी ग्रहण करो कि जो राष्ट्रवाद को जाग्रत भी करे। आदि शंकराचार्य गुरुकुलम विद्यालय एक आदर्श अदभुत संस्थान होगा। यहाँ नई शिक्षा नीति के सभी ध्येय पूर्ण होंगे। इस संस्थान हर वर्ग का बच्चा अध्ययन करेगा। लगभग 20 करोड़ की राशि से निर्मित हों रहे इस विद्यालय मे निःशुल्क छात्रावास भी होगा एवं कक्षा 6 वी से 12 वी तक के विद्यार्थियों को संस्कृत के साथ अन्य विषयों की शिक्षा भी दी जाएगी। यहाँ विज्ञान प्रयोग शाला व स्मार्ट क्लास की सुविधाएँ भी उपलब्ध रहेंगी। वही राज्यसभा के पूर्व सांसद कैलाश सोनी ने कार्यक्रम अध्यक्षता करते हुए कहा कि आज गुरुकुलम का भूमिपूजन कर सनातन की स्थापना के लिए बहुत बड़ा अनुष्ठान जैसा कार्य हुआ हैं। यहाँ से शिक्षा लेकर विद्यार्थी भविष्य के शास्त्री बनेंगे। प्रदेश मे केवल 2 संस्कृत केन्द्रो की स्थापना मे से एक केंद्र यहाँ पतलोन मे बनना गौरव का विषय हैं। कार्यक्रम मे मौजूद पूर्व विधायक संजय शर्मा ने कहा कि संस्कृत का अपना अलग महत्त्व हैं। गुरु कुलम बनने से गाडरवारा शहर एवं आसपास के ग्रामो को नई दिशा मिलेगी। इस कार्यक्रम को पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक, नरेश पाठक ने भी संबोधित किया गया। इस मौके पर महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल के निर्देशक रविंद्र कुमार सिंह ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर महंत बालकदास, कमल नयन शास्त्री सहित सहित अनेक लोग मौजूद थें।

# शाकाहार के प्रति जागरूक करने के लिये निकाली

**शहर मुख्य मार्गों से होते हुए स्थानीय प्रभु निवास धर्मशाला में सम्पन्न हुई।**



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जब किसी व्यक्ति द्वारा मांसाहार पदार्थ का अहार के रूप में सेवन करता है तो निश्चित तौर से किसी ने किसी जीव की हत्या होने के बाद ही वह अहार प्राप्त होता है। इस तरह लोगों में मांसाहार के प्रति बढ़ती प्रवृति में बदलाब लाने की सोच के चलते बीते हुये मांसाहार के प्रति जारूकता लाने के लिये हिंसा मुक्त रैली का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि नगर के पिरामिड ध्यान केंद्र द्वारा गत दिवस हिंसा मुक्त जीवन शाकाहारी भोजन विषय पर एक प्रेरणादायक शाकाहार जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जो कि शहर मुख्य मार्गों से होते हुए स्थानीय प्रभु निवास धर्मशाला में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस में करुणा, अहिंसा और शाकाहारी जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना था।कार्यक्रम का संचालन एवं नेतृत्व रागिनी विश्नोई ने किया। इस जागरूकता रैली में बड़ी संख्या में साधकगण, विद्यार्थी और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ घुमाया डंडा, दो युवको के पास से मोटर साईकिल सहित जप्त किया गांजा



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के निर्देषन में गाडरवारा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा जिस तरह कार्यवाही करते हुये बीते हुये माह तक लगातार बड़ी बड़ी सफलताये हालिस करते हुये अनेक मादक पदार्थो के कारोबारियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजने में सफलताये हासिल की गई है। मगर बीते हुये कुछ दिनों से पुलिस द्वारा अपनी कार्यवाही में दिये गये अंतराल के चलते एक बार फिर मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों द्वारा अपना जाल बिछाते हुये इस अवैध कारोबार को अंजाम देना शुरू किये जाने के चलते गाडरवारा पुलिस द्वारा अपना डंडा घुमाना शुरू कर दिया गया है। इसी के चलते बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा दो युवकों के पास से एक मोटर साईकिल सहित गांजा जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की नगर के दो व्यक्ति नगर के डोला बाबा क्षेत्र में एक मोटर साईकिल के माध्यम से कुछ मादक पदार्थ लेकर घुम रहे है। इस सूचना के चलते नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराये जाने के चलते जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियों को माल सहित पकड़ने के आदेश दिये जाने के चलते अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के कुल निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन व नगर निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस तरह बनाई गई टीम में सउनि राजेश के आलवा प्रधान आरक्षक राम गोपाल सिंह राजपूत, आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, बाल कृष्ण रघुवंशी बल्लू, सुजीत बागरी, शिवम पटैल, दीपक राजपूत को शामिल किया गया। इस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचकर दो युवकों को मोटर साईकिल के साथ देखते हुये उनकी घेराबंदी करते हुये पकड़कर जब उनसे पूछताछ की गई तो युवकों द्वारा अपना नाम नियाज खान तथा दूसने ने अपना नाम ब्रज भूषण उर्फ मुन्ना श्रीवास्तव दोनो निवासी ग्राम खड़ई थाना डोगरगांव का कहना बताया गया। वही पुलिस द्वारा जब संदिग्धों के पास रखे हुये थैले की तालाशी ली गई तो उसके अंदर डेढ़ किलों गांजा मिलने के चलते पुलिस द्वारा आरोपियों के पास से मोटर साईकिल सहित गांजा जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 8, 20 (ख) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करते हुयें रिमाई पर लेकर पूछताछ के माध्यम से इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिरकार वह इस तरह मादक पदार्थ का विक्रय किसको करने के इरादे से आये हुये थें। इस तरह गाडरवारा पुलिस द्वारा कुछ अंतराल के बाद मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ पुनः डंडा घुमाना शुरू कर दिया गया है।

**जप्त किये पांच लाख नगदी सहित पिस्टल व जिंदा कारतूस**

# क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम के इरादों को गाडरवारा पुलिस ने किया असफल





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** कहा जाता है कि जब क्षेत्र के पेहरेदार अपने दायित्वों का निर्वाहन निष्ठा के साथ करते है तो निश्चित तौर क्षेत्र में घटित होने वाली घटनाओं को रोकने में सफलता हासिल करते हुये अपराधिक सोच रखने वालों के इरादों को धूमित करने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा साबित करते हुये क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे तीन संदिग्धों को पकड़ते हुये पुलिस द्वारा उनके पास से एक लोडेड पिस्टल सहित दो जिंदा कारतूस व पांच लाख रूपया नगद तथा कार को जप्त किया गया है। क्योंकि देश की राजधानी दिल्ली में घटित हुई घटना के साथ साथ नगर में चल रहे राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता को ध्यान में रखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा गाडरवारा पुलिस को पूर्णरूप से सतर्क रहते हुये संदिग्धों पर पैनी नजर रखने के दिर्शेश जारी किये गये है। इसी के परिपालन में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में नगर निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में नगर पुलिस द्वारा संघन गस्त करते हुये संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जा रही है। बताया जाता है कि बीते हुये दिवस नगर निरीक्षक विक्रम रजक को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की नगर के चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर निर्माणाधीन ब्रिज के पास एक कार में कुछ संदिग्ध लोग किसी अपराधि घटना को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे है। नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा सूचना को गंभीरता से लेते हुये अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के साथ साथ उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में तुरंत मौके पर टीआई विक्रम रजक अपनी टीम के उप निरीक्षक अर्जुन सिंह बघेल, सहायक उप राजेश , प्रधान आरक्षक रामगोपाल सिंह राजपूत, आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, बालकृष्ण रघुवंशी, सुजीत बागरी, शिवम पटैल, दीपक राजपूत, अक्षय श्रीवास्तव के साथ मौके पर पहुंची और वहां पर एक कार क्रमांक HR26DU9163 की घेराबंदी करते हुये कार के अंदर बैठे हुये तीन युवकों को पकड़ते हुये उनसे पूछताछ की गई तो उन्होनें अपने नाम करन सिंह सिसोदिया निवासी भगत सिंह नगर केंट, प्रखर जैन निवासी सिंधी कालोनी केन्ट, महेन्द्र याद निवासी नानाखेडी केंद जिला गुना के निवासी होना बताया गया। इस दौरान जब विक्रम रजक की टीम द्वारा संदिग्धों की कार के अंदर तलाशी ली गई तो उनके पास से पुलिस को एक लोडेड पिस्टल, दो जिन्दा कारतूस के आलवा पांच लाख रूपया नगदी पाये गये। वही पुलिस द्वारा मौके पर जब आरोपियों से इतनी अधिक मात्रा में नगदी तथा पिस्टल के संबंध में पूछताछ की गई तो आरोपियों द्वारा किसी भी प्रकार से कोई संतोषजन उत्तर नही दिये जाने के कारण पुलिस ने आरोपियों के पास से नगदी राशि पांच लाख रूपया के आलवा पिस्टल, कारतूस सहित कार को जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 25(1)(a-b),27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज करते हुये आरोपियों को गिरप्तार कर मा. न्यायालय के समझ पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर इस बात का पता करने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिरकार वह इस तरह इतनी राशि लेकर क्षेत्र में किन कारणों के चलते भ्रमण कर रहे थें। इस तरह एसडीओपी रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक विक्रम रजक की सतर्कता के चलते क्षेत्र के घटित होने वाली किसी बड़ी घटना को रोकने में सफलता हासिल करने के साथ साथ अवैध हथियार के साथ आरोपियों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की गई है। आमजन का कहना है कि यदि समय रहते हुये पुलिस द्वारा गंभीरता नही दिखाई गई होती तो निश्चित तौर से आरोपी क्षेत्र के किसी बड़ी घटना को अंजाम देने में सफल हो सकते थें...?

# पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव की विद्यालय समिति की बैठक संपन्न

### विद्यार्थियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों की सराहना, विद्यालय विकास के लिए दिए महत्वपूर्ण निर्देश

डिंडौरी ।

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव जिला डिण्डौरी की विद्यालय समिति बैठक की शुरूआत में प्रभारी प्राचार्य ने कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का अभिवादन किया। बैठक में श्रीमती सुनीता गुप्ता ने अतिथियों को जवाहर नवोदय विद्यालय की उपलब्धियों को प्रस्तुत करते हुए कहा की विद्यालय के छात्रों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों ,खेलकूद, कला, विज्ञान एवं राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां प्राप्त कर रहे है।






वर्ष 2025-26 में नवीन चयन परीक्षा हेतु डिण्डौरी जिले में सभी विकासखंड स्तर पर परीक्षा केंद्र बनाये गये है जिस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश देते हुए कहा की नवीन नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा केद्र ऐसे स्थानों पर बनाये जाए जहा पर संदीपनी, पीएमश्री, जिन शैक्षणिक संस्थाओं में पर्याप्त प्रकाश, टेबल, कुर्सी आवश्यकतानुसार आवश्यक व्यवस्था को देखते हुए केंद्र बनाये जाए। श्रीमती सुनीता गुप्ता ने बताया की हमारे विद्यालय का नियमित रूप से प्रत्येक वर्ष शत प्रतिशत दसवीं और बारहवीं का परिणाम आ रहा है। प्रभारी प्राचार्य ने बताया की नवोदय विद्यालय में गर्मीयों में पानी की समस्या होती है, जिस पर कलेक्टर ने पीएचई विभाग एसडीओ को कहा की संपूर्ण येजना का बजट प्रारूप तैयार कर प्रस्तुत किया जाए जिससे नर्मदा नदी से पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुचाया जा सके। विद्यालय के बच्चों का जेईई मेंस, नीट ,इसरो युविका प्रोगाम के लिए चयन हुआ है और इस वर्ष 23 छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है, जो विद्यालय के गौरव का विषय है। विद्यालय के मुख्य द्वार पर प्रतिक्षालय बनाने की मांग रखी, जिस पर कलेक्टर ने पीडब्लूडी को तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक कार्य पर विशेष ध्यान देने को कहा ताकी बच्चे आगामी परिक्षाओं में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हो सके। विद्यालय की बैठक में एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुमन परस्ते, सांसद प्रतिनिधि अनुराग गुप्ता, प्राचार्य एकलव्य विद्यालय राजेश तोमर, सहायक अभियंता पीएचई श्रीकांत गुप्ता, जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार सहित नवोदय विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आईआईटी मुंबई के सहयोग से मातृ एवं शिशु पोषण पर स्किल वेरीफिकेशन कार्यक्रम आयोजित



डिंडौरी। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में व्हील्स ग्लोबल फाउंडेशन, आईआईटी मुंबई की सहायता से संचालित **Maternal, Infant and Young Child Nutrition (MIYCN)** पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधार के लिए महत्वपूर्ण गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इस परियोजना के तहत गर्भवती एवं धात्री माताओं के साथ-साथ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार लाने हेतु मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी लगातार निगरानी कर रहे हैं।कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक माह संस्थागत प्रसव, शीघ्र स्तनपान, छह माह तक केवल स्तनपान, छह माह के बाद पूरक आहार के महत्व पर जागरूकता बढ़ाई जा रही है। साथ ही माताओं और बच्चों के वजन एवं पोषण स्तर की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। परियोजना के अंतर्गत आईआईटी मुंबई के प्रतिनिधियों द्वारा चयनित महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के प्रतिभागियों का 12 से 13 नवम्बर 2025 को जिला चिकित्सालय डिंडौरी में स्किल वेरिफिकेशन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को फीडिंग तकनीकों और पोषण संबंधी व्यवहारिक जानकारी दी गई, जिससे उनकी मैदानी दक्षता में उल्लेखनीय सुधार होगा।इस अवसर पर जिला स्तर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, सिविल सर्जन एवं जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, अस्पताल प्रबंधक, तथा आईआईटी मुंबई से आए प्रतिनिधि डॉ. देव, सुश्री शीतल, विनायक एवं तरुण कुमार शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण सुधार और व्यवहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाना है।

### एसडीएम डिंडौरी ने ली कृषि अधिकारियों की बैठक

डिंडौरी । एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी द्वारा आज विकासखंड समनापुर, अमरपुर और डिंडौरी के कृषि अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित कोदो-कुटकी फसल पंजीयन कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई।सुश्री मेरावी ने सभी कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए ताकि किसान राज्य शासन की योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि जिले में पारंपरिक फसलों को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक अधिकारी को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। बैठक में पराली प्रबंधन पर विशेष चर्चा करते हुए एसडीएम ने निर्देशित किया कि किसानों को पराली जलाने के बजाय आधुनिक कृषि उपकरणों जैसे हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया जाए और उनके आवेदन शीघ्र कराए जाएं। सुश्री मेरावी ने बताया कि यह पहल मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने, पर्यावरण संरक्षण तथा फसल उत्पादकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि 15 नवम्बर तक अपने-अपने क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें और प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

### युवा कांग्रेस के चुनाव परिणाम घोषित रजनीश झारिया बने शहपुरा विधानसभा अध्यक्ष



शहपुरा - युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनावों के परिणाम घोषित होने के साथ ही जिले भर में कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। शहपुरा विधानसभा क्षेत्र से युवा कांग्रेस के सक्रिय और जुझारू नेता रजनीश झारिया को विधानसभा अध्यक्ष चुना गया है। चुनाव परिणामों की घोषणा के साथ ही कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस द्वारा भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। इस अवसर पर डिंडौरी जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन पाठक ने नव-निर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष रजनीश झारिया को बधाई दी और कहा कि संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि रजनीश झारिया लंबे समय से पार्टी के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं और युवाओं में उनकी गहरी पकड़ है। समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं ने दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया और मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया।

# कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में सीएससी संचालकों की समीक्षा बैठक सम्पन्न, सूची को लेकर उठे सवाल



शहपुरा

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में गुरुवार को कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) संचालकों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश के स्टेट हेड अतुल राय, संकल्प सोनी, रवि सिंह तथा जिला प्रबंधक दीपेन्द्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलेभर के सीएससी केंद्रों के कार्यों की समीक्षा की गई और संचालकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से आम जनता तक पहुँचाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि अब प्रत्येक ग्राम पंचायत में सीएससी संचालक नियमित रूप से बैठकर नागरिकों को आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराएँगे, जिससे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ उनके ही गाँव में आसानी से मिल सकेगा।

हालांकि बैठक के बाद जारी हुई ग्राम पंचायतवार सीएससी सूची को लेकर संचालकों में असंतोष देखा जा रहा है। कई संचालकों ने आरोप लगाया कि सूची में गड़बड़ियाँ हैं कई जगहों पर एक ग्राम के सीएससी आईडी वाले संचालक का नाम किसी दूसरे गाँव की सूची में दर्ज किया गया है। इससे वास्तविक संचालकों को कार्य संचालन में परेशानी हो रही है।अब सवाल यह उठ रहा है कि यह गड़बड़ी भोपाल स्तर से हुई है या फिर जिला कार्यालय से भेजी गई सूची में त्रुटि हुई है? इस पर जिला प्रशासन और सीएससी प्रबंधन से स्पष्टीकरण की माँग तेज़ हो गई है।

# 29 कलाकारों का दल शहडोल संभाग के लिए हुआ रवाना



डिंडौरी। जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 में चयनित 29 प्रतिभाशाली कलाकारों का दल शहडोल संभाग के लिए रवाना हुआ। दल सुबह 7:00 बजे कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण, कलेक्ट्रेट प्रांगण डिंडौरी से बस द्वारा होटल शुभम पैलेस, शहडोल में आयोजित संभाग स्तरीय युवा उत्सव 2025 में भाग लेने के लिए प्रस्थान किया। दल का नेतृत्व टीम मैनेजर सियाराम बर्मन, संगीत शिक्षक, एवं सुश्री शिक्षा डेहरिया, डांस शिक्षिका, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव, जिला डिंडौरी द्वारा किया जा रहा है। रवाना होने से पूर्व खेल और युवा कल्याण विभाग डिंडौरी के स्टाफ ने सभी कलाकारों को शुभकामनाओं सहित उत्साहपूर्वक विदा किया।जिले के कलाकार 7 विधाओं में शहडोल संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे - सामूहिक लोकनृत्य में अभिषेक कुमार गर्मे, सत्यम झारिया, अमित कुमार परस्ते, कामना धुर्वे, कौशिकी धुर्वे, वर्षा देवी धुमकेती, रिद्धि साहू, वंदना देशमुख, याचना धुर्वे, प्रतीक्षा सिंह। सामूहिक लोकगीत में आशीष उद्दे, पुष्पेंद्र कुमार, रिंकू झारिया, संजय अहिरवार, हर्ष कुमार झारिया, रीत सोनवानी, कृतिका यादव, अंबिका यादव, अंशिका गुप्ता, वर्षा नंदा। भाषण में प्रतिका पाण्डेय, शायना खान; कविता लेखन में रागिनी ब्यौहार, गरिमा यादव, चित्रकला में धरा मरावी, अबीर नामदेव; कहानी लेखन में उर्वशी गोस्वामी, भारती सोनवानी तथा विज्ञान मेला में मानसी परस्ते भाग लेंगी।दल को रवाना करते समय जिला खेल प्रशिक्षक आरती सोंधिया, रोशन बाबू झारिया, राजकुमार धुर्वे, श्रीमती संतोषी यादव, श्रीमती सुनीता धुर्वे, श्रीमती लक्ष्मी बनावल, अजीत धुर्वे, नीरज बच्चैहा सहित युवा कलाकारों के परिजन एवं खेल विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी कलाकारों को शहडोल संभाग स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने की शुभकामनाएँ दी गईं।

# जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक संपन्न

## कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्यवाही



डिंडौरी ।

कलेक्ट्रेट सभागार में माननीय कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उपयंत्री (सिविल व मैकेनिकल), चिन्हित 48 ग्रामों की नल-जल योजनाओं के निरीक्षणकर्ता अधिकारी तथा संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने 75 प्रतिशत से अधिक पूर्ण 48 नल-जल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि सभी योजनाओं को 30 नवम्बर 2025 तक पूर्ण किया जाए। निरीक्षणकर्ताओं को अपने-अपने ग्रामों की वास्तविक भौतिक प्रगति का पुनः निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही विभागीय अधिकारियों और निरीक्षण टीमों को संयुक्त भ्रमण करने के लिए भी कहा गया।कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि किसी अधिकारी या ठेकेदार द्वारा सहयोग नहीं किया गया, तो संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिन ठेकेदारों के कार्य अधूरे हैं, उन्हें निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, अन्यथा उनके अनुबंध निरस्त कर काली सूची में नाम दर्ज किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कार्य अधूरा छोड़ने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराने के भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि जिन ग्रामों में विद्युत आपूर्ति की समस्या के कारण नल-जल प्रदाय प्रभावित हो रहा है, उन ग्रामों की सूची तत्काल प्रस्तुत की जाए। वहीं 140 पुनरीक्षित नल-जल योजनाओं की कार्य प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने पुनरीक्षित कार्यों में विलंब पर संविदाकार श्री सुरेंद्र प्रसाद ओझा एवं मनेंद्र कुमार को नोटिस जारी करने, तथा कार्य पूर्णता की तिथि का उल्लेख करते हुए शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। समय पर कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में अनुबंध निरस्त करने और ब्लेक लिस्ट की चेतावनी दी गई।

कलेक्टर ने कहा कि जिन यंत्रिकी, सहायक यंत्रिकी, कर्मचारी, अधिकारी के द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही उनका वेतन का आहरण न किया जाए, जब तक कार्य पूर्ण न हो। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन एक प्राथमिकता वाला जनकल्याणकारी योजना है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। योजनाओं की समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्णता सुनिश्चित की जाए। जिन अधिकारियों के द्वारा यंत्री, सहायक यंत्री के द्वारा लापरवाही एंव कार्य में ध्यान न देने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अंत मे पीएचई अधिकारी को सख्त निर्देश दिए है की दो दिवस के अंदर पूर्ण होने वाली नल-जल योजनाओं और विलंब से पूर्ण होने वाली योजनाओं की सूची प्रस्तुत की जाए। बैठक में लोक स्वास्थ्य यंत्री अफजल इमामउल्ला, मनोज उपाध्याय, एसडीओ आरईएस वीरसिह तिलगाम, इंजीनियर, सबइंजीनियर , संविदाकार सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत जिले के में आयोजित हुए स्वास्थ्य शिविर






डिंडौरी ।

**कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में चल रहे जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा (1 से 15 नवम्बर 2025) के अंतर्गत जिले में ग्रामीण जनों के लिए स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन किया गया।**

इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण एवं जनजातीय समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य जांच, उपचार और परामर्श सेवाएँ उपलब्ध कराना रहा। शिविरों में बड़ी संख्या में महिलाएँ, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित हुए और विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षणों का लाभ उठाया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गौराकन्हारी, विकासखंड समनापुर में कुल 271 पंजीयन किए गए। शिविर में एनएनसी – 17, बीपी – 34, ब्लड ग्रुप – 32, सिकल सेल – 45, एचआईवी – 12, यूरिन – 12, टीबी – 45, मोतियाबिंद – 35, चश्मा वितरण – 25 और आरबीसी – 32 जाँचें की गईं।प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोहानीदेवरी, विकासखंड शहपुरा में 71 पंजीयन हुए, जिसमें एएनसी – 16, एनीमिया जांच – 04, हाईरिस्क जांच – 05, बीपी जांच – 46, शुगर जांच – 44, एचबी – 25, सिकल जांच – 28 एवं टीबी जांच – 12 लाभार्थियों पर की गई।

वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जमगांव, विकासखंड डिंडौरी में 97 पंजीयन किए गए, जिसमें सिकल – 48, एनसीडी – 07 और एएनसी – 07 जांचें संपन्न हुईं। शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को मोतियाबिंद, एनीमिया, टीबी, सिकल सेल एवं ब्लड ग्रुप जांच जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं। साथ ही योग्य लाभार्थियों को आवश्यक दवाएँ एवं चश्मे भी वितरित किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडेय ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण एवं जनजातीय समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और समय पर उपचार सुनिश्चित करना है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा के दौरान आयोजित आगामी शिविरों में अधिक से अधिक संख्या मेंपहुँचकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें।

# भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर जनजातीय गौरव यात्रा संपन्न

डिंडौरी ।

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव यात्रा का आगमन जनपद पंचायत करंजिया से होकर जनपद पंचायत बजाग में हुआ। सर्वप्रथम जनजातीय गौरव यात्रा का शुभारंभ जनपद पंचायत बजाग में उपस्थित जिला अध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम, भाजपा जनपद अध्यक्ष श्रीमती फूलकली मरावी, बजाग मण्डल अध्यक्ष श्री सुशील यादव, भाजपा बजाग एवं अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व खंड स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में किया गया।



इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रगीत व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।मंचासीन जनप्रतिनिधियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र पर उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम का प्रथम उद्बोधन पूर्व जिला पंचायत सदस्य शोभित मरावी द्वारा दिया गया। तत्पश्चात जनपद पंचायत बजाग उपाध्यक्ष राधेष्याम कुसराम एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू व्यौहार तथा भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के पश्चात जनप्रतिनिधियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग जाकर भर्ती मरीजों के स्वस्थ्य होने की

जनपद कार्यालय से निकली यह यात्रा भगवान बिरसा मुंडा के जयकारों के साथ ग्राम पंचायत भवन बजाग रैयत पहुँची। कार्यक्रम की शुरुआत जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन से हुई।

कामना करते हुए फल वितरण किया गया। अनुविभागीय अधिकारी बजाग रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। सभी अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### अर्पण चौधरी का सिविल जज में चयन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सिविल परीक्षा परिणाम 2022 जारी किए गए जिसमें जिले के मगरधा ग्राम निवासी अर्पण चैधरी उम्र 25 वर्ष का चयन सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के पर हुआ है। अर्पण प्रतिष्ठित सैनिक संजय चैधरी के छोटे बेटे हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सिवनी जिले और उच्च शिक्षा देवी अहिल्या बाई होलकर विश्वविद्यालय, इंदौर से प्राप्त की है। उनकी नियुक्ति पर शुभचिंतकों व इष्ट मित्रों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### श्रीमती त्रिवेणी गिरदौनिया का निधन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस नगर के धनारे कालोनी गली 7 निवासी व्ही पी गिरदौनिया की धर्म पत्नि श्रीमती त्रिवेणी गिरदौनिया का अवस्थ्यता के चलते 78 वर्ष की आयु मे निधन हो गया। आप हाईस्कूल नयाखेड़ा गरगटा में पदस्थ शिक्षक एल पी (अजय) गिरदौनिया, शिक्षिका श्रीमती ज्योति बाला ढ़मोले, श्रीमती मधुबाला गिरदौनिया की माताजी थी। जिनका अंतिम संस्कार झिरना मुक्तिधाम में किया गया जहां पर समाज के सभी वर्गो द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

### नही रहे मनीष नेमा



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस बजरंग वार्ड निवासी मनीष नेमा का अस्वस्थता के चलते देहावसान हो गया है। आप अशोक नेमा अस्सू (पार्षद) बजरंग वार्ड के बड़े भाई थे। जिनका अंतिम संस्कार नकटुआ मुक्तिधाम में किया गया जहां पर समाज के सभी वर्गो द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

### लापरवाही पर प्रधान पाठक निलंबित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने शासकीय प्राथमिक शाला धारनाखुर्द के प्रभारी प्रधानपाठक श्री दुर्गाप्रसाद निवारे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान श्री निवारे बिना किसी सूचना के शाला से अनुपस्थित पाए गए। यह भी पाया गया कि वे प्रतिमाह कई दिनों तक शाला से अनुपस्थित रहते हैं, जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा था। उनकी लगातार अनुपस्थिति के कारण विद्यालय में पदस्थ अन्य शिक्षक बीएलओ के रूप में निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य नहीं कर पा रहे थे, जिससे निर्वाचन संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे थे।

## एसआईआर के चलते शिक्षा व्यवस्था हो रही अनयंत्रित

# पढ़ाई पर भारी पड़ रहा एसआईआर

### परीक्षा परिणाम पर भी पड़ सकता है असर

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** सरकार के निर्देशानुसार जिले मे एसआईआर का कार्य पूरी जोर सोर से किया जा रहा है जिसमें गहन परीक्षण मतदाताओं का किया जाना है। परन्तु जिले मे पदस्थ्य शिक्षकों को बीएलओ कार्य सौंपा गया जिससे जिले की शिक्षा व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है। वही दूसरी ओर दसवी व वारहबीं की मुख्य परीक्षा की समय सारिणी माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कर दी गई। ऐसे में शिक्षकों व विद्यार्थियों के पास अधिक समय शेष नही है और गहन अध्यापन कार्य कराया जाना है लेकिन शिक्षण के समय पर शिक्षक एसआईआर कार्य मे लीन है और पढ़ाई कमजोर होती नजर आ रही है। जिसका असर जिले के माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षा परिणाम पर पड़ सकता है।

### शिक्षण कार्य हो रहा बाधित

जिले में माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर पढ़ाने वाले कई विषय-विशेष शिक्षकों को बीएलओ बनाया गया है। यह निर्णय ऐसे समय में लागू हुआ है जब 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी अपने अंतिम चरण में है। शिक्षकों को अब दिन में विद्यालय में पढ़ाना और विद्यालय समय के बाद घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करना पड़ रहा है। इस दोहरी जिम्मेदारी के कारण विद्यालयों में नियमित कक्षाएँ बाधित हो रही हैं और परीक्षा की तैयारी प्रभावित हो रही है। कई शिक्षकों ने बताया कि बीएलओ का काम समय-साध्य है। प्रत्येक परिवार तक पहुँचकर मतदाता सूची का सत्यापन करना, नए नाम जोड़ना या संशोधन भरना पड़ता है। इस प्रक्रिया में घंटों लग जाते हैं, जिससे शिक्षण का समय घट जाता है और कक्षाओं की निरंतरता टूट जाती है। विषय-विशेष शिक्षक जैसे गणित, विज्ञान और हिन्दी पढ़ाने वाले शिक्षक बीएलओ नियुक्त होने के कारण विद्यालयों में उस विषय की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।







### शिक्षकों पर मनोबल व मानसिक दबाव

शिक्षकों पर शिक्षण कार्य और एसआईआर सर्वेक्षण दोनों की समय-सीमा पूरी करने का दबाव है। विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों की अपेक्षाएँ पूरी न कर पाने की चिंता भी उन्हें परेशान कर रही है। विषय-विशेष शिक्षक अपनी कक्षाएँ पूरी न करा पाने से हतोत्साहित महसूस कर रहे हैं। लगातार दौरे और सर्वेक्षण से थकावट और मानसिक तनाव भी बढ़ रहा है। जिले के कई विद्यालयों में अब नियमित कक्षा संचालन बाधित हो गया है। जहाँ एक या दो शिक्षक हैं, वहाँ बीएलओ की ड्यूटी लगने के बाद विद्यालय लगभग शिक्षक रहित हो जाता है। इसका सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई और परीक्षा-तैयारी पर पड़ रहा है। अभिभावकों में भी चिंता है कि बच्चों की पढ़ाई पिछड़ जाएगी और परीक्षा परिणामों पर इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा।

### शिक्षकों ने रखी मांग

शिक्षक संगठनों ने मांग की है कि बीएलओ के रूप में शिक्षकों को केवल उन्हीं क्षेत्रों में लगाया जाए जहाँ विद्यालयी कार्य बाधित न हो। निर्वाचन आयोग से यह अपेक्षा की गई है कि शिक्षकों को कम से कम परीक्षा अवधि तक एसआईआर कार्य से मुक्त रखा जाए। जिले के कुछ संगठनों ने इस विषय पर ज्ञापन भी सौंपा है।राज्य सरकार और निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि परीक्षा-काल के दौरान शिक्षकों को बीएलओ के रूप में नियुक्त न किया जाए। विद्यालयों में अस्थायी शिक्षकों या सहयोगी स्टाफ की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि शिक्षण कार्य बाधित न हो। बीएलओ शिक्षकों के लिए कार्य-समय का उचित विभाजन और विश्राम सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य और संवाद समर्थन की व्यवस्था भी आवश्यक है ताकि शिक्षक अपनी कठिनाइयाँ साझा कर सकें। जिले के शिक्षक आज दोहरी जिम्मेदारी निभा रहे हैं- एक ओर विद्यार्थियों का भविष्य संवारने का दायित्व और दूसरी ओर निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का प्रशासनिक बोझ। यह संतुलन अत्यंत कठिन साबित हो रहा है और शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। यदि इस समस्या पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले महीनों में जिले की शिक्षण गति और विद्यार्थियों का प्रदर्शन दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

### इनका कहना है

उच्च अधिकारियों द्वारा आदेश जारी किया गया है। हालांकि शिक्षकों को विद्यालय के समय को छोड़कर अतिरिक्त समय मे उक्त कार्य करना है। बीएलओ कार्य से पढ़ाई पर अधिक प्रभाव नही पड़ना चाहिए।

**प्रतुल इंदुरखया**
**जिला शिक्षा अधिकारी**



## युवा उत्सव में प्रतिभागियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया। एम. आई. एम. टी. कॉलेज नरसिंहपुर के प्रतिभागियों ने समूह लोक नृत्य, स्किट, मूक अभिनय एवं ड्रामा में विजय श्री हासिल की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. आर बी सिंह प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर एवं कार्यक्रम अध्यक्ष एल एन रजक, प्रभारी प्राचार्य महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर की उपस्थिति में किया गया। अतिथियों द्वारा युवा उत्सव को युवाओं की प्रतिभा निखारने का श्रेष्ठ माध्यम बताते हुये देश की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाने का साधन निरूपित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ किया गया। युवा उत्सव की समूह लोक नृत्य, स्किट, मूक अभिनय, ड्रामा, वाद विवाद, एकल व समूह गायन पाश्चात्य शैली, ऑन स्पॉट पेंटिंग, कोलॉज की विधाओं में एम.आई.एम.टी. कॉलेज के प्रतिभागी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। युवा उत्सव की विभिन्न विधाओं पर विश्वविद्यालय स्तर हेतु चयनित होने पर एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर के चेयरमैन इंजी. रुद्रेश तिवारी, प्राचार्य डॉ अशोक कुमार गर्ग एवं सांस्कृतिक प्रभारी मेजर डॉ पराग नेमा ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की है।

## पुलिस पेट्रोल पंप पर युवक से मारपीट, दो आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीती रात जिला मुख्यालय स्थित पुलिस वेलफेयर पेट्रोल पंप पर एक युवक के साथ हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। शराब के नशे में धुत कुछ युवकों ने युवक पर लात-घूंसों, डंडे और जूतों से बेरहमी मारपीट की जा रही है। पूरी घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार रात करीब 11 बजे की है। विवाद पुलिस पेट्रोल पंप के सामने गाड़ियों के टकराने को लेकर शुरू हुआ था। पीड़ति युवक, जो भटिया टोला मंडी का 28 वर्षीय निवासी है और लेवर का काम करता है, की बाइक आरोपियों की कार से टकरा गई थी। इसी बात को लेकर कहासुनी हुई और मामला देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ति की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विनय पिता राहुल प्रजापति उम्र 21 वर्ष और समर्थ पिता राकेश दुबे उम्र 18 वर्ष, निवासी इतवारा बाजार के रूप में हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है ताकि विवाद की वास्तविक वजह और इसमें शामिल अन्य लोगों का भी पता लगाया जा सके।

## जिले के 3257 किसानों को 6.9 करोड़ रुपये की राशि की अंतरित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देवास जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन विक्रय करने वाले जिले के 3 हजार 257 किसानों को 6.9 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से बैंक खातों में अंतरित की। उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर में किया गया, जहां उपस्थित सभी ने देखा व सुना। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, उप संचालक कृषि मोरिस नाथ, ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश नेमा, मंडी सचिव देवेन्द्र सिंह ठाकुर, नरेश शर्मा, संदीप राजपूत, अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी और हितग्राही मौजूद थे।

### शासकीय आईटीआई कुरई में 19 नवंबर को जिला स्तरीय रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा शासकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं और युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से ३युवा संगम३ कार्यक्रम के अंतर्गत एक जिला स्तरीय रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला दिनांक 19 नवम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक शासकीय आईटीआई, कुरई में आयोजित किया जा रहा है। आयोजित मेले में देश एवं प्रदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि नियोजकों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कॉल सेंटर ऑपरेटर सहित अन्य पदों पर भर्ती की जाएगी। साथ ही स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे।

## बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत, सरकार की समाधान योजना की जानकारी देने शिविर



### समाधान योजना उपभोक्ताओं के लिए वरदान हो रही साबित, 60% से 100% तक की छूट

**गोटेगांव। विगतदिवस मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई "समाधान योजना" के प्रचार-प्रसार एवं जानकारी के लिए गोटेगांव शहर वितरण केंद्र अंतर्गत गौरादेवी वार्ड नया बाजार में शिविर आयोजित किया गया।**

योजना का उद्देश्य लंबे समय से बकाया बिजली बिलों से उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करना है। इस योजना के माध्यम से उपभोक्ता अपने पुराने बिलों का भुगतान कर सकते हैं, जिसमें सरचार्ज (विलंब भुगतान अधिभार) में भारी छूट दी जा रही है। यह योजना तीन माह या उससे अधिक समय से बिजली बिल जमा न करने वाले सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए लागू है। शहरी क्षेत्र अधिकारी गोटेगांव जे.ई कपिल कुशवाहा ने बतायासमाधान योजना मध्यप्रदेश सरकार की एक विशेष उपभोक्ता राहत योजना है, जिसके तहत बिजली उपभोक्ताओं को बकाया बिलों के भुगतान में छूट का अवसर दिया गया है। उपभोक्ता यदि निर्धारित अवधि में बिल जमा करते हैं तो उन्हें विलंब भुगतान अधिभार (सरचार्ज) में 60 से 100 प्रतिशत तक की माफी दी जाएगी। पहला चरण 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक चलेगा, जिसमें उपभोक्ताओं को विलंब भुगतान अधिभार में 60 से 100 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। दूसरा चरण 1 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा, जिसमें 50 से 90 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान रहेगा। शिविर में विद्युत विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को योजना की विस्तृत जानकारी दी और अपील की कि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ लेकर अपने बकाया बिल जमा करें।

### जनहित में अपील

मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे समाधान योजना का लाभ उठाकर अपने बकाया बिल समय पर जमा करें, जिससे उनका विद्युत कनेक्शन सुचारू रूप से चालू रहे और उन्हें भविष्य में अतिरिक्त सरचार्ज का भुगतान न करना पड़े।

## नेत्र जांच शिविर 16 नवंबर को



**गोटेगांव** =नगर के स्टेशन रोड पर स्थित श्रीधाम आई केयर सेंटर में आगामी 16 नवंबर दिन रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक परामबा नेत्रालय सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल के डॉक्टर एवं एस एन सी चित्रकूट से प्रशिक्षित तथा सफल नेत्र आपरेशन का अनुभव प्राप्त डॉक्टर नितिन सोनी,नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मोतियाविंद, काँचिया विंद, रेटीना पर्दा, परवाल, फैक्चर, नाखूना, कार्निया, ट्यूमर, कैंसर, चश्मे, भेंगापन आदि की जांच मात्र रजिस्ट्रेशन शुल्क 50/रुपया में ऑप्टोमेट्रिस्ट डॉक्टर संदीप चौधरी दृष्टि मितिज्ञ, मेडिकल कॉलेज जबलपुर से प्रशिक्षित एवं अनुभवी डॉक्टरों की टीम नेत्र रोगियों की जांच करेगी। 2.2mm mics फेको तकनीक द्वारा मोतियाविंद कराकर अगले ही दिन रिकवरी पा सकते हैं । डॉ संदीप चौधरी नेत्र विशेषज्ञ ने गरीब, जरूरत मंद और असहाय व्यक्तियों से भी आंखों की जांच कराकर लाभ लेने की अपील की है ऐसे व्यक्ति जो गरीब परिवार से हैं और असहाय तथा जरूरत मंद है उनकी जांच और ऑपरेशन निःशुल्क किए जाएंगे। इस अवसर का लाभ लेने की अपील की गई है।



## सहकारिता कर्मचारी संघ ने रैली निकाल कर सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सहकारिता कर्मचारी संघ द्वारा तुलसी मानस भवन में बैठकर कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर रैली निकाल कर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। बैठक में मध्य प्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष बीएस चैहान प्रदेश संरक्षक ओपी गोस्वामी प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेन राजपूत प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद शफी खान मीडिया प्रभारी महेंद्र दुबे जिला अध्यक्ष राजगढ़ विश्राम मीणा मेहरबान सिंह रामकुमार बघेल एवं सिवनी के जिला अध्यक्ष बंसी ठाकुर के द्वारा तुलसी मानस भवन सदर मड़यि के प्रांगण में कर्मचारी हितों के लिए उपस्थित हुए कार्यक्रम में कर्मचारियों की समस्या पर गहन विचार विमर्श हुआ। उक्त अवसर पर जिला संरक्षक राजकुमार कौरव जिला अध्यक्ष प्रहलाद कौरव जिला कार्यकारी अध्यक्ष शशिकांत शुक्ला अजय शर्मा प्रमोद राजपूत आशीष नेमा महेंद्र वैष्णव समीर तिवारी प्रभात तिवारी सत्यनारायण सोनी एवं जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ नरसिंहपुर के समस्त कर्मचारी एवं स्व सहायता समूह के विक्रेता समस्त ऑपरेटर उपस्थित रहे।

## गोटेगांव तहसील के अंतर्गत विभिन्न विभागों का कलेक्टर ने किया दौरा



**गोटेगांव।** विगत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बुधवार को गोटेगांव तहसील क्षेत्र का दौरा किया जहां विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान क्रमांक 114 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड गोटेगांव, मतदान क्रमांक 33 कुम्हड़ाखेड़ा एवं मतदान क्रमांक 29 एवं 30 कंजई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एसआईआर की प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि शतप्रतिशत आईएफ फार्मों का वितरण और उनकी प्राप्ति की जानकारी एप के माध्यम से भरी जाए वहीं कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने ग्राम कुम्हड़ाखेड़ा के डबल लॉक वितरण केन्द्र पहुची जहां उन्होंने निर्देशित किया कि किसानों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। किसानों को छाया, पानी आदि सुविधाएं मुहैया कराई जाएं,कलेक्टर ने यहां निर्धारित खाद का मूल्य, वितरण व भंडारण की जानकारी ली,कलेक्टर ने किसानों से संवाद भी किया संवाद के दौरान किसानों ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा खाद वितरण के लिए ई-टोकन व्यवस्था प्रारंभ की है, यह बहुत सुविधाजनक है।इसके उपरांत ग्राम कंजई के एकीकृत शासकीय प्राथमिक शाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों को मिलने वाले मध्यान्ह भोजन को चखकर देखा। इसके साथ ही कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बच्चों को अच्छी गुणवत्तायुक्त,स्वादिष्ट भोजन मिले। बच्चों की मांग के अनुरूप उन्हें भोजन कराया जाए,उन्होंने बच्चों से मिलने वाले मध्यान्ह भोजन की जानकारी ली।